मूल हिंदी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 10*

03 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

छत्तीसगढ़ के स्मार्ट सिटी में आवासीय आवंटन

***10 # श्रीमती फूलो देवी नेतमः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कितनी स्मार्ट सिटी का चयन किया गया है और छत्तीसगढ़ राज्य सहित तत्संबंधी राज्य- वार ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़ के स्मार्ट सिटी में बेघर परिवारों और मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों की संख्या कितनी है; और

(ग) इन सिटी में कितने परिवारों को आवास आवंटित किए जा चुके हैं और कितने परिवारों को अभी आवास आवंटित किया जाना शेष है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्री

(श्री मनोहर लाल)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

छत्तीसगढ़ के स्मार्ट सिटीज में आवासीय आवंटन के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 10* (10 वां स्थान) के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखत विवरण

(क): चुनौती प्रक्रिया के 2 चरणों के बाद स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत 100 शहरों का चयन किया गया है। पहले चरण में, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों ने राज्य के अन्दर संभावित स्मार्ट सिटीज को सूचीबद्ध किया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों ने पहले चरण में सफल होने वाले शहरों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण में शामिल होने के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से सिफारिश की है। एससीएम के तहत, छत्तीसगढ़ राज्य से 3 शहरों अर्थात अटल नगर, बिलासपुर और रायपुर का चयन किया गया है। राउंड-1 में रायपुर का चयन (फास्ट ट्रैक शहरों) किया गया था, जबकि बिलासपुर और अटल नगर का चयन प्रक्रिया के राउंड-3 में किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य सहित चयनित शहरों का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख): जनगणना 2011 के अनुसार बिलासपुर और रायपुर (अटल नगर सहित) में बेघर परिवारों की संख्या क्रमशः 412 और 632 है। इसके अलावा, बिलासपुर और रायपुर (अटल नगर सहित) में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों की संख्या क्रमशः 26,552 और 86,003 है।

(ग): 'भूमि' और 'कॉलोनिकरण' राज्य का विषय है, इसलिए बेघर और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों परिवारों सहित आवास से संबंधित योजनाएं राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय देश भर के शहरी क्षेत्रों में पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए 25 जून, 2015 से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है। बिलासपुर और रायपुर (अटल नगर सहित) के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, पीएमएवाई-यू के तहत बेघर और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों परिवारों सहित पात्र लाभार्थियों के लिए स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/सौंपे गए आवासों की संख्या अनुलग्नक-II में दी गई है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत शहरी बेघर के लिए आश्रय (एसयूएच) में सहायता की थी, ताकि शहरी बेघर आबादी को जल आपूर्ति, स्वच्छता, सुरक्षा और संरक्षा जैसी मूल अवसंरचना वाली सुविधाओं सहित स्थायी आश्रयों की उपलब्धता और उनकी पैठ को सुनिश्चित किया जा सके।

*****

अनुलग्नक-I

छत्तीसगढ़ के स्मार्ट शहरों में आवासीय आवंटन के संबंध में 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 10 (10 वां स्थान) के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एससीएम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य सहित चयनित 100 स्मार्ट शहरों की राज्य-वार सूची

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शहर	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शहर
अंडमान निकोबार द्वीप समूह	पोर्ट ब्लेयर	कर्नाटक	मंगलुरु
आंध्र प्रदेश	अमरावती	कर्नाटक	शिवमोगा
आंध्र प्रदेश	काकीनाड	कर्नाटक	तुमकुरु
आंध्र प्रदेश	तिरुपति	केरल	कोच्चि
आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	केरल	तिरुवनंतपुरम
आंध्र प्रदेश	ईटानगर	लक्षद्वीप	कावारत्ती
आंध्र प्रदेश	पासीघाट	मध्य प्रदेश	भोपाल
असम	गुवाहाटी	मध्य प्रदेश	ग्वालियर
बिहार	भागलपुर	मध्य प्रदेश	इंदौर
बिहार	बिहारशरीफ	मध्य प्रदेश	जबलपुर
बिहार	मुजफ्फरपुर	मध्य प्रदेश	सागर
बिहार	पटना	मध्य प्रदेश	सतना
चंडीगढ़	चंडीगढ़	मध्य प्रदेश	उज्जैन
छत्तीसगढ़	अटल नगर	महाराष्ट्र	औरंगाबाद
छत्तीसगढ़	बिलासपुर	महाराष्ट्र	कल्याण-डोम्बीवली
छत्तीसगढ़	रायपुर	महाराष्ट्र	नागपुर
दादरा और नगर हवेली	सिल्वासा	महाराष्ट्र	नासिक
दमन और दीव	दीव	महाराष्ट्र	पिंपरी-चिंचवड
दिल्ली	एनडीएमसी	महाराष्ट्र	पुणे
गोवा	पणजी	महाराष्ट्र	सोलापुर
गुजरात	अहमदाबाद	महाराष्ट्र	ठाणे
गुजरात	दाहोद	मणिपुर	इंफाल
गुजरात	गांधीनगर	मेघालय	शिलांग
गुजरात	राजकोट	मिजोरम	आइजोल
गुजरात	सूरत	नागालैंड	कोहिमा
गुजरात	वडोदरा	ओडिशा	भुवनेश्वर

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शहर	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शहर
हरियाणा	फरीदाबाद	ओडिशा	राउरकेला
हरियाणा	करनाल	पुदुचेरी	पुदुचेरी
हिमाचल प्रदेश	धर्मशाला	पंजाब	अमृतसर
हिमाचल प्रदेश	शिमला	पंजाब	जालंधर
जम्मू और कश्मीर	जम्मू	पंजाब	लुधियाना
जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर	राजस्थान	अजमेर
झारखण्ड	रांची	राजस्थान	जयपुर
कर्नाटक	बेलगावी	राजस्थान	कोटा
कर्नाटक	बेंगलुरु	राजस्थान	उदयपुर
कर्नाटक	दावनगेरे	सिक्किम	गंगटोक
कर्नाटक	हुब्बली, धारवाड़	सिक्किम	नामची
तमिलनाडु	चेन्नई	त्रिपुरा	अगरतला
तमिलनाडु	कोयंबटूर	उत्तर प्रदेश	आगरा
तमिलनाडु	इरोड	उत्तर प्रदेश	अलीगढ़
तमिलनाडु	मदुरै	उत्तर प्रदेश	बरेली
तमिलनाडु	सलेम	उत्तर प्रदेश	झांसी
तमिलनाडु	तंजावुर	उत्तर प्रदेश	कानपुर
तमिलनाडु	थुथुकुडी	उत्तर प्रदेश	लखनऊ
तमिलनाडु	तिरुचिरापल्ली	उत्तर प्रदेश	मुरादाबाद
तमिलनाडु	तिरुनेलवेली	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज
तमिलनाडु	तिरुपूर	उत्तर प्रदेश	सहारनपुर
तमिलनाडु	वेल्लोर	उत्तर प्रदेश	वाराणसी
तेलंगाना	ग्रेटर वारंगल	उत्तराखंड	देहरादून
तेलंगाना	करीमनगर	पश्चिम बंगाल	न्यू टाउन कोलकाता

अनुलग्नक-II

छत्तीसगढ़ के स्मार्ट शहरों में आवासीय आवंटन के संबंध में 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 10 (10 वां स्थान) के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू के अंतर्गत बिलासपुर और रायपुर (अटल नगर सहित) में बेघर और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों परिवारों सहित पात्र लाभार्थियों के लिए स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/सौंपे गए आवासों का विवरण

क्र. सं.	शहर का नाम	पीएमएवाई-यू के अंतर्गत वास्तविक प्रगति		
		स्वीकृत आवास	निर्माणाधीन आवास	पूर्ण/सौंपे गए आवास
1.	बिलासपुर	16,090	13,076	11,309
2.	रायपुर (अटल नगर सहित)	45,649	45,093	41,591